रेस्टोरेंट को रात ११ बजे तक खोलने की मांग

सामना संवाददाता / मुंबई

दक्षिण भारत के होटल एवं रेस्टोरेंट संघ (एचआरएडब्ल्यूआई) ने महाराष्ट्र सरकार से राज्य में रात ११ बजे तक रेस्टोरेंट को खोलने की अनुमति देने का आग्रह किया है। उद्योग संघ ने कहा कि सरकारी समर्थन के बिना कोविड की नई लहर आतिथ्य उद्योग को और कमजोर कर देगी। राज्य में फिलहाल रात १० बजे तक रेस्टोरेंट खोलने की इजाजत है। एचआरएडब्ल्यूआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने बयान में कहा कि लगातार दो लॉकडाउन के बाद होटल और रेस्टोरेंट उद्योग ने कारोबार को फिर से शुरू करने के लिए काफी पूंजी लगाई है। उन्होंने कहा, 'फिलहाल इस क्षेत्र में काफी डर और चिंता है। कोविड की नई लहर का प्रकोप आतिथ्य उद्योग को कमजोर कर देगा। हम राज्य सरकार से कम से कम ११ बजे तक काम करने की अनुमति देने का अनुरोध करते हैं।'